वी.यू. अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में योग शिविर का आयोजन

जबलपुर। आज दिनॉक 15/06/2022 से नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. ए.पी.सिंह के कुशल नेतृत्व में 21 जून विश्व योग दिवस के अवसर पर सात दिवसीय योग शिविर कार्यक्रम शुरू किया गया। विश्व योगा दिवस पर थीम **"योगा फॉर ह्यूमैनिटी"** में छात्र–छात्राओं को योग की विभिन्न विधाओं को सिखाया जाएगा। जिससे विद्यार्थी प्रतिदिन योग करने से होने वाले फायदे के प्रति जागरूक हों। कार्यक्रम में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के स्नातक व स्नाकोत्तर छात्र–छात्राओं, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों की सक्रिय रूप सें उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.वि.वि.,जबलपुर